30 नवम्बर को सीएम की मौजूदगी में मिलेगी करोड़ों की सौगात, धुरियापार में 50 एकड़ में स्थापित होगी अदाणी की सीमेंट फैक्टरी

गीडा दिवस पर होगा सीमेंट फैक्टरी और कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास

अच्छी खबर

- गीडा प्रशासनिक कार्यालय के बगल में 20 एकड़ में बनेगा कन्वेंशन सेंटर
- औद्योगिक प्राधिकरण ने डीपीआर बनाने के लिए तय कर ली है एजेंसी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।

1 गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 30 नवम्बर को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी सौगात देंगे। धुरियापार में अदाणी ग्रुप के सीमेंट फैक्टरी के साथ ही गीडा प्रशासनिक भवन के ठीक बगल में 20 एकड़ में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास प्रस्तावित है। कन्वेंशन सेंटर की डीपीआर लगभग तैयार हो गई है। इसके साथ ही गीडा में करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट के लोकार्पण और शिलान्यास की उम्मीद है।

चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज की तरफ से पिछले कई महीनों से दिल्ली के प्रगति मैदान की तर्ज पर कन्वेंशन सेंटर की मांग की जा रही है। कन्वेंशन सेंटर को लेकर मुख्यमंत्री की सहमति के बाद इसकी डीपीआर तैयार कराई जा रही है। जो अंतिम चरण में है। करीब 20 एकड़ में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास 30 नवंबर को गीडा दिवस पर प्रस्तावित है। इसके साथ गीडा प्रशासन की तरफ से पिछले दिनों धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में दो बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए जमीन आवंटन के साथ हो गई है।

इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अदाणी ग्रुप की अंबुजा सीमेंट की यूनिट के लिए 50 एकड़ और केयान ग्रुप को 65 एकड़ जमीन मिली है। अदाणी ग्रुप की तरफ से शिलान्यास को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। माना जा रहा है कि गीडा दिवस पर मुख्यमंत्री के हाथों में मेगा प्रोजक्ट का शिलान्यास होगा। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के साथ ही गीडा के इंडस्ट्रियल सेक्टर्स में कुल मिलाकर 184 एकड़ औद्योगिक भूमि का आवंटन हुआ है जिसमें कोका कोला के अमृत बॉटलर्स को सेक्टर 27 में प्राप्त 45 एकड़ भूमि भी शामिल है।

"गीडा दिवस पर फ्लैटेड फैक्टरी का लोकार्पण होना संभावित है। इसके साथ ही कुछ यूनिटों का भूमि पूजन और शिलान्यास भी होगा। आवासीय और औद्योगिक भूखंडों का आवंटन की भी तैयारी की जा रही है।

– राम प्रकाश, एसीईओ

केयान की डिस्टीलरी यूनिट का होगा भूमि पूजन

केयान ग्रुप के वेंचर श्रेयश डिस्टिलरी एंड एनर्जी लिमिटेड को 60 एकड़ जबकि मातृ कंपनी केयान डिस्टिलरी को 5 एकड़ जमीन शामिल है। अभी केयान ग्रुप को करीब 100 एकड़ जमीन का आवंटन और होना है। ऐसे में करीब 170 एकड़ में स्थापित होने वाली फैक्ट्री के लिए भूमि पूजन नवम्बर में हो सकता है।

एनईआर गोरखपुर में बनाएगा सोलर पार्क

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।

2 पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर में सोलर पार्क बनाने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। रेलवे ने जमीन की तलाश पूरी कर ली है। जल्द ही अन्य औपचारिकताएं पूरी कर इसका निर्माण कराया जाएगा। इसके बन जाने से कॉलोनियों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। इसके पहले बनारस लोको मोटिव वर्क्स में सोलर पार्क बनाया गया है।

रेलवे ने 2030 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोडवणकर ने पिछले दिनों सौर ऊर्जा के उत्पादन की समीक्षा के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोरखपुर में सोलर पार्क बनाने की कार्ययोजना बनाएं। महाप्रबंधक के निर्देश पर अधिकारियों ने काम तेज कर दिया है। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए एनई रेलवे 94 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। स्टेशनों और विभागों में बन रहे नए भवनों और रेलवे की खाली भूमि पर पार्टनरशिप के अंतर्गत सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। इस संबंध में एनईआर के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सोलर पार्क के लिए तैयारी तेज कर दी गई है।

- सोलर पार्क से ही कई कार्यालयों-कॉलोनियों को मिलेगी बिजली
- जीएम के निर्देश के बाद शुरू हुई तैयारी, जल्द ही तय होगी रूपरेखा